“जल संरक्षण” विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 19 मई, 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय के ईको - क्लब के द्वारा “जल संरक्षण” विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन ईको - क्लब की इंचार्ज डॉक्टर सीमा दलाल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर रणधीर मताना, ज़िला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जीन्द ने शिरकत की। कार्यशाला का मंच संचालन संगीत विभाग से प्राध्यापिका डॉक्टर क्यूटी के द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर, ईको क्लब की इंचार्ज डॉक्टर सीमा दलाल व महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डॉक्टर उपासना गर्ग, श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती अंजलि गुप्ता, डॉक्टर गीता गुप्ता इत्यादि के द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया। डॉक्टर पूनम मोर के द्वारा मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता डॉक्टर रणधीर मताना जी ने अपने वक्तव्य में जल संरक्षण कैसे किया जाता है और आज के समय में 'जल संरक्षण क्यों ज़रूरी है' के बारे में बताया। उन्होंने कॉलेज में भी जल संरक्षण करने की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने घरों में भी जल संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने जल का स्तर कम होने पर चिंता जताते हुए इसके कारणों का भी व्याख्यान किया जैसे वनों का काटना, असमय वर्षा, असंतुलित वर्षा इत्यादि। जल का संरक्षण करके उसको उपयोग में कैसे लाया जाये इसके बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदया डॉक्टर पूनम मोर ने मुख्य अतिथि का महाविद्यालय में आगमन पर आभार प्रकट करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक व ग़ैर शैक्षणिक सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।



जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला में हुआ मंथन

ECO-CLUB

जिला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से डॉ. रणधीर मताना पहुंचे

जगत क्रांति ▸ जींद

हिन्दू कन्या कॉलेज के ईको-क्लब के द्वारा जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का संचालन ईको-क्लब की इंचार्ज डॉ. सीमा दलाल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रणधीर मताना, जिला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जींद ने शिरकत की। कार्यशाला का मंच संचालन म्युजिक विभाग से प्राध्यापिका डॉ. ... महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम मोर, इको क्लब की इंचार्ज डॉ. सीमा दलाल व महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डॉ. उपासना गर्ग, रेखा सैनी, अंजली गुप्ता, डॉ. गीता गुप्ता ... मोर द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया।

मुख्य वक्ता डॉ. रणधीर मताना ने अपने वक्तव्य में जल संरक्षण कैसे किया जाता है और आज के ... भी जल संरक्षण करने की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने घरों में भी जल संरक्षण करना चाहिए। जल का स्तर कम होने पर चिंता जताते हुए इसके कारणों का भी व्याख्यान किया। जैसेः वनों का कटना, असमय ... कैसे लाया जाये बताया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने मुख्य अतिथि का महाविद्यालय में आगमन पर आभार प्रकट करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक व ...

एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

छायादार पेड़ों का पौधारोपण